रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-09102020-222329
**CG-DL-E-09102020-222329**

**असाधारण**
**EXTRAORDINARY**

**भाग I—खण्ड 1**
**PART I—Section 1**

**प्राधिकार से प्रकाशित**
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

**सं. 293]** **नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 9, 2020/आश्विन 17, 1942**
**No. 293]** **NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 9, 2020/ASVINA 17, 1942**

## गृह मंत्रालय

### शोक संदेश

नई दिल्ली, 9 अक्तूबर, 2020

**सं. 3/6/2020-पब्लिक.**—श्री रामविलास पासवान, केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री का 08 अक्तूबर, 2020 को, फोर्टिस एस्कोर्ट हॉस्पीटल, नई दिल्ली में निधन हो गया।

2. 5 जुलाई 1946 को शहरबनी, जिला खगड़िया (बिहार), में जन्मे, श्री रामविलास पासवान ने कोसी कॉलेज, खगड़िया और पटना विश्वविद्यालय, पटना में शिक्षा प्राप्त की और कला स्नातकोत्तर (M.A) और विधि स्नातक (LL.B) की डिग्री हासिल की। उन्हें बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी (उत्तर प्रदेश) द्वारा डी.लिट की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया गया।

3. श्री रामविलास पासवान बिहार के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक थे और उन्हें व्यापक जनसमर्थन प्राप्त था। वह 1969 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के सदस्य के रूप में बिहार राज्य विधान सभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद, वह 1977 में हाजीपुर निर्वाचन क्षेत्र से रिकॉर्ड मतों के अंतर से छठी लोक सभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। श्री पासवान 1980 में सातवीं लोक सभा और 1984 में आठवीं लोक सभा के लिए फिर से चुने गए। वह 1989 में 9 वीं लोक सभा के लिए एक बार फिर से चुने गये और उन्हें श्रम और कल्याण मंत्री बनाया गया। 1996 में, वह रेल मंत्री बने और 1998 तक इस पद पर बने रहे। इसके बाद, उन्होंने अक्तूबर, 1999 से सितम्बर, 2001 तक संचार मंत्री के रूप में कार्य किया। वह अप्रैल, 2002 तक कोयला और खान मंत्री के पद पर रहे। 2004 के लोक सभा चुनावों के उपरांत, श्री पासवान संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में शामिल हुए और रसायन और उर्वरक मंत्री तथा इस्पात मंत्री बने।

4. श्री पासवान 2014 में सोलहवीं लोक सभा के लिए चुने गए और उन्होंने उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री के रूप में कार्य किया। वर्ष 2019 में, श्री पासवान राज्य सभा के लिए चुने गए और उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री के रूप में कार्य करते रहे।

5. श्री पासवान उत्पीड़ितों की आवाज थे और वह हमेशा समाज के उपेक्षित वर्गों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करते रहे।

6. सम्पूर्ण राष्ट्र उनके दुखद निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त करता है और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

अजय कुमार भल्ला, गृह सचिव

**MINISTRY OF HOME AFFAIRS**

**OBITUARY**

New Delhi, the 9th October, 2020

**No. 3/6/2020-Public**.—Shri Ramvilas Paswan, Union Minister for Consumer Affairs, Food and Public Distribution died at Fortis Escort Hospital, New Delhi on 8th October 2020.

2. Born on 5th July 1946 at Shaharbanni, Distt. Khagaria (Bihar), Shri Ramvilas Paswan was educated at Kosi College, Khagaria and Patna University, Patna. He obtained degrees in Master of Arts (M.A.) and Bachelor of Law (LL.B). He was also conferred Degree of D.Litt. (Honoris Causa) by Bundelkhand University, Jhansi (Uttar Pradesh).

3. Shri Ramvilas Paswan was one of the most popular leaders from Bihar and enjoyed strong mass support. He was elected to Bihar State Legislative Assembly in 1969 as a member of Samyukta Socialist Party. Thereafter, he was elected as a member of the 6th Lok Sabha from Hajipur constituency in 1977 by a record margin. Shri Paswan was re-elected to the 7th Lok Sabha in 1980 and 8th Lok Sabha in 1984. He was re-elected to 9th Lok Sabha in 1989 and was appointed as Union Minister for Labour and Welfare. In 1996, he became Minister for Railways and continued to hold the post till 1998. Thereafter, he served as Minister for Communications from October, 1999 to September, 2001 when he was made Minister of Coal and Mines, the portfolio he held till April, 2002. After 2004 Lok Sabha Elections, Shri Paswan joined the United Progressive Alliance Government and was made Minister of Chemicals and Fertilizers and Minister of Steel.

4. Shri Paswan was elected to 16th Lok Sabha in 2014 and served as Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution. In 2019, Shri Paswan was elected to Rajya Sabha and continued as Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution.

5. Shri Paswan was the voice of the oppressed and always championed the cause of marginalized sections of the society.

6. The entire nation expresses its deep sense of loss and grief on his sad demise and extends its heartfelt condolences to the bereaved family.

AJAY KUMAR BHALLA, Home Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2020.10.09 19:42:02 +05'30'